भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

bsite:www.bsgmp.net E_mail:scoutguide_bpl@dataone.in Phone : 2661263,2737446 Fax: 2737446

पत्र क्र0/889/रामु/प्रशि–गावि/20123 भोपाल, दिनांक 07/05/2013

प्रति,

समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का0/गा0)
संभागीय मुख्यालय ....

विषय :– सत्र 2012–13 की स्काउट/गाइड कार्यक्रम की वार्षिक ग्रेडिंग की स्थिति।

–0–

विषयान्तर्गत लेख है कि प्रतिवर्ष भारत स्काउट एंव गाइड म0प्र0 द्वारा प्रत्येक संभाग के वार्षिक कार्यक्रम एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम मे निर्धारित लक्ष्य/पूर्ति के आधार पर ग्रेडिग की जाती है, सत्र 2012–13 मे भारत स्काउट एंव गाइड म0प्र0 की वार्षिक योजना व लक्ष्य पूर्ति के आधार पर आपके संभाग की वार्षिक ग्रेडिग संलग्न कर भेजी जा रही है। जिससे आपके संभाग को कुल 200 अंको के विरूद्ध .... अंक प्राप्त हुए है तथा आपके संभाग की ग्रेड .... रही है। जो की अत्याधिक चिंता जनक स्थिति है।

राज्य के वार्षिक कार्यक्रमो के आधार पर ग्रेडिंग मे दिये गये अंको को 4 भागो मे विभक्त किया गया है, जिसके कुल प्राप्तांक व प्रतिशत आधार पर उत्कृष्ठ (ए+), बहुत अच्छा (ए), अच्छा (बी), सामान्य (सी), न्युनतम श्रेणी (डी) व सबसे अधिक खराब श्रेणी (ई), कुल 6 श्रेणी रखी गई है। वार्षिक कार्यक्रम के अंर्तगत कुल 55 कार्यक्रम प्रत्येक जिले मे करना था, जिसमे ए भाग मे 5 अंक प्रति कार्यक्रम के आधार पर कुल 20 कार्यक्रम, बी मे 4 अंक प्रति कार्यक्रम के आधार पर कुल 10 कार्यक्रम, सी मे 3 अंक प्रति कार्यक्रम के आधार पर कुल 10 कार्यक्रम तथा डी मे 2 अंक प्रति कार्यक्रम के आधार पर कुल 15 कार्यक्रम है। उक्त अंकों अनुसार कुल 200 अंक जिला स्तर के कार्यक्रम के लिए निर्धारित किये गये है, इसी प्रकार संभाग स्तर के कुल 13 कार्यक्रम को 100 अंको मे विभक्त किया गया है। इस प्रकार जिले के अंको का औसत प्रतिशत व संभाग के कुल प्राप्तांक का प्रतिशत निकाला गया है, जिसके आधार पर ग्रेडिंग की गई है तथा ग्रेडिंग का विस्तृत विवरण तथा अधिक जानकारी भारत स्काउट/गाइड म0प्र0 की वेब साईड www.bsgmp.net पर देख सकते है।

आप अपने संभाग की संलग्न वार्षिक ग्रेडिंग का भी अवलोकन करें तथा जिले के अधिकारियों एंव कार्यकर्त्ताओ से चर्चा कर अपने संभाग मे ग्रेडिंग कम प्राप्त होने के कारणो को ज्ञात कर तथा इस वर्ष 2013–14 मे लक्ष्य/पूर्ति को बेहतर बनाने हेतु प्रयासों से अवगत करावें।

सलंग्न :– संभाग स्तरीय ग्रेडिंग।

राज्य सचिव

पृ0क्रमांक/890/रा.मु/प्रशि.गा.वि/2013 भोपाल, दिनांक / /2013

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. राज्य मुख्य आयुक्त राज्य मुख्यालय, भोपाल।
2. कलेक्टर जिला ....
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला ....
4. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण/संभागीय आयुक्त आ0वि0 संभाग ....

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

E:\GRADING\grading 12-13\grading letter.doc